भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सेवानिवृत अधिकारी फोरम (एएआई आर ओ एफ) द्वारा पूर्व अध्यक्ष एयरवाईस मार्शल एच. एम. शाहुल ए वी एस एम, वी एस एम की याद में स्मारक व्याख्यान का आयोजन ।

नई दिल्ली, 6 जून, 2017 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सेवानिवृत अधिकारी फोरम (ए एआई आर ओ एफ) ने अपने पूर्व- अध्यक्ष - एयर वाइस मार्शल एच.एम. शाहुल ए वी एस एम, वी एस एम की याद व सम्मान में 1 जून, 2017 को उनकी प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर इंडिया इन्टरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नसीम जैदी, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ने एयर वाईस मार्शल एच. एम. शाहुल के योगदान को याद करते हुए ए ए आई आर ओ एफ की अवधारणा और दर्शन की सराहना की तथा एयर वाइस मार्शल शाहुल की नागर विमानन में भूमिका विशेष रूप से देश में हवाईअड्डों के विकास पर प्रकाश डाला

श्री वी. पी. अग्रवाल, ए ए आई आर ओ एफ के अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष भा वि प्रा ने अपने स्वागत भाषण में एयर वाईस मार्शल शाहुल को अनुकरणीय आदर्श व्यक्तित्व के रूप में याद किया । पूर्व अध्यक्ष के सम्मान में एक प्रशस्त्रि पत्र पढ़ा गया व एयर वाईस मार्शल शाहुल के परिवार का प्रतिनिधित्व कर रहे मेजर आसिफ नवाज शाह को स्मृति चिहन भेंट किया गया । श्री अजीत दुबे, भा वि प्रा के पूर्व कार्यपालक निदेशक तथा फोरम के उपाध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन दिया ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,

सं. 12/2017-18



डॉ. नसीम जैदी, मुख्य अतिथि,स्वर्गीय एयर वाईस मार्शल, एच. एम. शाहुल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के संस्थापक अध्यक्ष के सम्मान में स्मारक व्याख्यान देते हुए । इंडिया इन्टरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित है श्री अजीत दुबे, उपाध्यक्ष, ए ए आई आर ओ एफ तथा पूर्व कार्यपालक निदेशक भा वि प्रा, श्री वी. पी. अग्रवाल, अध्यक्ष , ए ए आई आर ओ एफ तथा पूर्व अध्यक्ष, भा वि प्रा, श्री रॉबी लाल पूर्व सदस्य प्रचालन, भा वि प्रा तथा डॉ. बी. पी. शर्मा, अध्यक्ष पवन हंस लिमिटेड ।